हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 मार्च 2024

04 श्री सिद्ध हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान...


07 80 लीटर शराब जब्त कर एक आरोपी को...




## खबर संक्षेप

### आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्देश दिये है कि जिले में लोसभा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए रूल ऑफ लॉ का पालन किया जाये। निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए और जिले के सभी शासकीय सेवकों से भी अपेक्षित आचरण किये जाना अनिवार्य है। यह आदेश 6 जून 2024 तक प्रभावशील रहेगा।

### भारतीय वायु सेना भर्ती रैली 28 को भोपाल में

**सीहोर।** भारतीय वायु सेना द्वारा समूह वाई (गैर तकनीकी) मेडीकल असिस्टेन्ट ट्रेड में प्रवेश के लिए भर्ती रेली का आयोजन 28 मार्च 2024 को लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल में किया गया है । उपसंचालक रोजगार संचानालय श्री सीके बघेल ने बताया कि भारतीय वायु सेना भर्ती रेली में शामिल होने वाले आवेदक 28 मार्च को सुबह 6.00 बजे से 10.00 बजे तक लाल परेड ग्राउण्ड में उपस्थित होकर रिपोर्ट कर सकते है ।

### जब्त सागौन छुड़ाने आए, तोड़फोड़ कर भागे

**सीहोर।** 11 मार्च को वन परिक्षेत्र खजूरपानी में बीट गार्ड जयप्रकाश ने सागौन की सिल्लियां के साथ बाइक जब्त की थी। इसके बाद 18 मार्च की रात संजय बारेला, अनार सिंह, महादेव 9 साथियों के साथ वनरक्षक परिसर डोगरापानी नाके पर आए और जब्त बाइक को ले जाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने पथराव भी किया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान बीट गार्ड ने डायल-100 पर इसकी जानकारी दी। लेकिन पुलिस पहुंचने के पहले ही वह भाग चुके थे। वनरक्षक जयप्रकाश तिल्लौरे ने गोपालपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### चुनावः पम्पलेट में नाम-पता जरूरी

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किए हैं कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत कोई व्यक्ति ऐसे निर्वाचन पम्पलेट जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं उसके प्रकाशन का नाम पता न लिखा हो तो उसका प्रकाशन नहीं करेगा।

### फ्री कोचिंग के लिए आवेदन 15 तक

**सीहोर।** मप्र में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट की फ्री कोचिंग दी जाएगी। यह कोचिंग भोपाल, इंदौर और जबलपुर में होगी। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा होगी। आवेदन 15 अप्रैल तक कर सकते हैं।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला प्रदेश में फिर अव्वल

### 4943 शिकायतों का 77.87 वेटेज स्कोर के साथ किया गया निराकरण

**सीहोर।** सीहोर जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में फिर से प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। कलेक्टर प्रवीण सिंह के कशल नेतृत्व में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में सीहोर जिला पिछले कई महीनों से गुरप-ए में प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर आ रहा है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन पर सीहोर जिले के अधिकारी-कर्मचारी पूरी संवेदनशीलता और गम्भीरता के साथ काम कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में सबसे अधिक शिकायतों, समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन की 20 मार्च 2024 को जारी रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह जनवरी में सीएम हेल्पलाइन की कुल 4943 शिकायतों निराकरण का 77.87 वैटेज स्कोर के साथ निराकरण किया गया। जबकि उज्जैन दूसरे स्थान पर तथा छिंदवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन और मार्गर्शन में जिले के सभी अधिकारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह इस बात को बताता है कि आमजन की समस्याओं के निराकरण को लेकर जिले के अधिकारी कितने गंभीर हैं और तत्परता से निराकरण कर रहे हैं।

**निराकरण में आने वाली कठिनाईयों का समाधान :** कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के साथ ही हर टीएल बैठक में विभागवार, जनपदवार तथा तहसीलवार विस्तार से सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा की जाती है।

समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा निराकरण में आने वाली कठिनाइयों का कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित समाधान किया जाता है। जिसके सार्थक परिणाम के रूप में सीहोर जिला विगत कई महीनों से प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ रहा है।

**शिकायतकर्ता से निराकरण तक सतत संवाद :** कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से तुरंत सम्पर्क किया जाता है और समस्या के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाता है। अधिकारियों द्वारा तबतक शिकायतकर्ता से सतत सम्पर्क बनाए रखा जाता है जब कि उसकी समस्या का निराकरण न हो जाए। शिकायतकर्ता द्वारा सम्पर्क करने पर उसके द्वारा प्राप्त शिकायत के संबंध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

#### त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए गहन समीक्षा

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए लगातार अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। वे प्रतिदिन नियमित रूप से सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की गहन समीक्षा करने के साथ ही अधिकारियों को शिकायताकर्ता से त्वरित संवाद स्थापित कर शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के लिए प्रेरित करते है। इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक में भी सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा की जाती है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी तथा अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को लगातार सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए पूरी गम्भीरता के साथ काम करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवकों का सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगो की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें राहत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा भी बढ़ता है।

### मंडी में करीब 300 लाइसेंसधारी सब्जी विक्रेता हैं, जिनसे मंडी प्रबंधन रोजाना हजारों रुपए कर वसूलती है

# मंडी प्रबंधन की अनदेखीः रसीद पर नहीं होता साल का विवरण, दुकानदार और किसान हो रहे परेशान

होली के अवकाश से पहले कृषि उपज मंडी में हो रही बंपर आवक। मंडी परिसर के बाहर तक लग रही ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी-लंबी कतारें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कृषि उपज मंडियों में पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए कई बदलाव किए जा रहे हैं। कुछ समय से ई-मंडी व्यवस्था को प्रचलन में लाया जा रहा है। लेकिन यहां सब्जी विक्रेताओं से किए जा रहे टैक्स कलेक्शन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल मंडी कर्मचारी लाइसेंसधारी सब्जी विक्रेताओं से यहां रोजाना निर्धारित शुल्क वसूलती है लेकिन दुकानदारों की शिकायत है कि मंडी कर्मचारियों द्वारा जो रसीद दी जा रही है। उसमें दिन, माह तो अंकित होते हैं लेकिन साल का विवरण नहीं होता।

गौरतलब है कि मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में सुबह सब्जी मंडी संचालित होती है। यहां बडी संख्या में किसान अपनी सब्जियां बेचने आते हैं। मंडी प्रबंधन सब्जी दुकानदारों से टैक्स लेती है मंडी कर्मचारी हाथ से रशीद बनाते हैं, जिस पर वर्ष विवरण न होने से कई सब्जी दुकानदार आशंकित हैं कि टैक्स की राशि कहीं गलत हाथों में तो नहीं पहुंच रही। मंडी में करीब 300 लाइसेंसधारी सब्जी विक्रेता हैं, जिनसे मंडी रोजाना हजारों रुपए कर वसूलता है।कुछ सब्जी विक्रेताओं की मनमानी से मंडी में अव्यवस्था बन रही है जिनकी शिकायत जिम्मेदारों से कई बार की जा चुकी है। बावजूद इसके इनकी मनमानी पर लगाम नहीं लग पा रही हैं।

#### जिले में चना और मसूर की खरीदी 26 मार्च से प्रारम्भ

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी तिथि 26 मार्च से 31 मई तक निर्धारित की गई । उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग ने जानकारी दी कि चना एवं मसूर की खरीदी उपार्जन केन्द्रों पर की जायेगी । जिन किसानों ने चना एवं मसूर उपज का पंजीयन करवाया है, वे स्लॉट बुकिंग कर चयनित स्लॉट की समयावधि अनुसार उपार्जन केन्द्र में सोमवार से शुक्रवार प्रातः 08:00 बजे से सायं 08:00 बजे के मध्य अपनी उपज विक्रय के लिए लेकर उपस्थित हो सकते हैं । कृषि विभाग ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वे अपनी उपज की खरीदी चयनित स्लॉट में प्रदर्शित अधिकतम उपज मात्रा के अनुसार ही की जावेगी । चयनित स्लॉट की समयावधि समाप्त होने की स्थिति में उनकी उपज की खरीदी नहीं की जाएगी।





#### मंडी में हो रही बंपक आवक

कृषि उपज मंडी में बंपर आवक हो रही है। होले के अवकाश के पहले बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। गुरुवार को कृषि उपज मंडी के बाहर तक उपज लेकर आए किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों की कतार लगी देखी गई।

#### मंडी के पास रहता है हिसाब

कृषि मंडी सचिव नरेन्द्र मेश्राम का कहना है कि रसीद पर वर्ष का विवरण भले ही न हो लेकिन हमारे रसीद कट्टो में विवरण है मंडी के पास सारा हिसाब है। सब्जी मंडी में लहसुन प्याज खरीदने वाले दुकानदारों की जांच कराई जाएगी।

#### 23 मार्च से एक अप्रैल तक मंडी में रहेगा अवकाश

23-24 मार्च शनिवार-रविवार का अवकाश ।
25 मार्च सोमवार को होली अवकाश ।
26 मार्च मंगलवार को होली अवकाश ।
27 मार्च बुधवार भाई दूज का अवकाश।
28 मार्च सभी जिंसों की नीलामी होगी।
29 मार्च शुक्रवार गुड फ्राईडे का अवकाश।
30 मार्च शनिवार रंगपंचमी का अवकाश ।
31 मार्च रविवार साप्ताहिक अवकाश।
01 अप्रैल सोमवार बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी होने से नीलामी नहीं होगी।

#### पहले हो चुके हैं व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त

कुछ सब्जी विक्रेता नियमों की अनदेखी कर सब्जी मंडी में सुबह किसानों से लहसुन प्याज की खरीदी करते हैं और इस उपज को वह दोपहर में लहसुन प्याज मंडी में नीलामी में बेचते हैं। जबकि पूर्व में शिकायतों के चलते इन व्यापारियों के लाईसेंस निरस्त किए गए थे। हरी सब्जी की मंडी में लहसुन प्याज खरीदने पर इन चार दुकानदारों पर यह कार्यवाही की गई थी। कृषि उपज मंडी में गेहूं की बंफर आवक आ रही है रात से ही किसान अपनी उपज लेकिन यहां पहुंचते हैं लेकिन गेट पास रसीद का सिर्फ एक की काउंटर बनाया गया है यहां इन दिनों किसानों की लाईनें लग रही हैं।

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर घेराबंदी कर कार्रवाईः हाथ भट्टी वाली जहरीली कच्ची महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** कोतवाली थाना पुलिस ने आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे सामान भी जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे के थाना क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टे व अवैध शराब का कारोबार कर अवैध रूप से धन अर्जित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए टीम गठित की। बताया गया है की नदी चौराहे के पास चार अलग-अलग जगहों से चार सटोरियो अमित रैकवार गंज सीहोर, मो आसिफ निवासी काजीपुरा कस्बा सीहोर कपिल परमार निवासी देवनगर कालोनी सीहोर , नरेश कुमार पिता गिरधारी लाल गंज सीहोर को पकड़कर सट्टा अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 4 प्रकरण बनाए। वहीं अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 2 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत तैयार 15 लीटर शराब जब्त कर कार्रवाई की गई। जहरीली शराब बेचने वाले व्यक्ति से सेकडाखेडी तिराहा प्रतिक्षालय के पास इंदौर भोपाल हाईवे पर घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी फैजान खान निवासी पीली मस्जिद कस्बा सीहोर 10 लीटर हाथ भट्टी वाली जहरीली कच्ची महुआ शराब जब्त कर धारा 49 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। अवैध हाथ भट्टी 5 लीटर कच्ची महुआ शराब शिव सागर ढाबा के पास इंदौर भोपाल हाईवे रोड़ सीहोर प्रीतम मालवीय निवासी ग्राम बमूलिया थाना कोतवाली सीहोर से जब्त कर 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।



### अग्नि वीर भर्तीः कॉलेजों में मिलेगा गाइडेंस

**सीहोर।** अब कॉलेज में अग्नि वीर योजना के बारे में विद्यार्थियों को बताया जाएगा। इसके साथ ही जो विद्यार्थी अग्नि वीर बनने के इच्छु होंगे उनकी सूची तैयार करके उनका मार्गदर्शन भी किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के डायरेक्टर ने प्रदेश के सभी कॉलेजों के प्राचार्यो को निर्देश जारी किए हैं।

इसके तहत कॉलेज के प्राचार्यो से कहा गया है कि कॉलेज में पदस्थ स्पोर्ट्स ऑफिसर, एनसीसी अधिकारी संयुक्त रूप से अग्नि वीर योजना के लिए चिन्हित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। कॉलेज स्तर पर इच्छुक विद्यार्थी जो भर्ती हेतु फिजिकल मापदंड पूरा करते हैं, ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार की जाए।

## दबंगों पर छुआछूत के आरोप का मामलाः महिलाओं को पानी नहीं भरने दे रहे, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**सीहोर।** जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम मुस्करा की महिलाओं ने गांव के दबंग पर छुआछूत का आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि दबंग लोग सार्वजनिक नलों से पानी नहीं भरने दे रहे हैं। इसी से परेशान पीड़ित महिलाओं ने प्रशासन से मोहल्ले में नलकूप खनन कराए जाने की मांग की है। पूरा मामला सामने आने के बाद एसडीएम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, पीने के पानी के संकट से जूझ रही मुस्करा गांव की महिलाएं परेशान है।

दलित समाज की महिलाओं ने गांव के उच्च जाति के लोगों पर निजी नलकूपों से पीने का पानी नहीं भरने देने का आरोप लगाया है। महिलाओं के द्वारा गांव के बाल्मीकी, मालवीय और कुम्हार मोहल्ले में हैंडपंप खनन कराने की मांग जिला प्रशासन से की गई। मुस्करा ग्राम पंचायत से पहुंची महिलाओं ने बताया कि सरपंच, सचिव पानी की समस्या के समाधान के लिए कुछ भी करने को तैयार नहीं है। बाल्मीकी मोहल्ला, मालवीय मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ले में मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले 108 परिवार निवास करते हैं। पानी की टंकी का निर्माण कर दिया गया है। हालांकि,अब तक घरों तक नलों के जरिए पानी नहीं पहुंचा है। गांव के बड़े लोग दलित होने के कारण अपने निजी नलकूपों से पानी नहीं भरने देते है। पीने का पानी दूर दराज से लाना पड़ रहा है। मवेशी को भी पानी नहीं पिला पा रहे है। मामले में एसडीएम तन्मय वर्मा का कहना है- मामले में तहसीलदार को जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



### 1238 मतदान केन्द्रों के लिए 1485 बीयू, सीयू और 1607 वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया

# ईवीएम-वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रकिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम व वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। रेंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया राजनैतिक दालों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है।इस दौरान राजनैतिक दालों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए डेमो प्रदर्शित किया गया।

लोकसभा निर्वाचन विदिशा, भोपाल तथा देवास के लिए जिले की चारो विधानसभा के 1238 मतदान केंद्रों के लिए 1485 बीयू, सीयू तथा 1607 वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली बुधनी विधानसभा के 363 मतदान केन्द्रों के लिए 435 बीयू, सीयू तथा 471 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। इछावर विधानसभा के 275 मतदान केन्द्रों के लिए 330 बीयू, सीयू तथा 357 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। इसी प्रकार भोपाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा के 265 मतदान केन्द्रों के लिए 318 बीयू, सीयू तथा 344 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। देवास लोकसभा के अंतर्गत आने वाली आष्टा विधानसभा के 335 मतदान केन्द्रां के लिए 402 बीयू, सीयू तथा 435 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया डीओओ संजय जोशी द्वारा सम्पन्न की गई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के अवसर पर अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, भाजपा से राजकुमार गुप्ता, कांग्रेस से केके रिछारिया, बसपा से नरसिंह भारतीय उपस्थित थे।




## गणगौर के गीतों की परंपरा चलती रहे इसलिए महिलाओं को दे रहे गीतों का प्रशिक्षण

**सीहोर।** माथन भांवर घड़ा री गणगौर, घड़ा री गणगौर। रखड़ी के उपर नम जाती री, जरा झुक जाती री।। म्हारा दादाजी के जी मांडी गणगौर, म्हारा काकाजी के मांडी गणगौर।। इसर जी ने सौंप पीली पागडियां माय जैसे गणगौर गीत गूंजना शुरू हो गए है। आज के आधुनिक और सोशल मीडिया के जमाने में हम हमारी प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे है। इन्ही में से एक परंपरा है अमर सुहाग की कामना को लेकर मनाए जाने वाला गणगौर पर्व, जो होली के दूसरे दिन से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। इसी पर्व को नए दौर की महिलाएं और नई बहुएं भी निरंतर निभा सके इस को लेकर शहर की निर्मिला व्यास हर साल की तरह इस साल भी महिलाओं को गणगौर के गीतों के साथ गणगौर पर्व मनाए जाने को लेकर प्रशिक्षण दे रही है। श्रीमति व्यास ने बताया कि नगर के खजांची लाइन स्थित महावीर भवन में करीब 30 से 40 महिलाओं को श्रृंगार रस के गीत, मान मनुहार के गीत, उलहाने के गीत, व्योग के गीत सहित अन्य गणगौर के पारंपरिक गीतों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिस के तहत महिलाओं को गणगौर गीत के साथ गणगौर पर्व मनाने की परंपराओं की जानकारी भी महिलाओं को दी जा रही है। होली पर्व के दूसरे दिन से घर-घर और बाग-बगीचों में गणगौर के मीठे-मीठे गीत गूंजना शुरू हो जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### विश्व ओरल हेल्थ दिवस पर ली गई शपथ

**सीहोर।** विश्व ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर 10 अप्रैल तक दंत चिकित्सा एवं सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित होगा । विश्व ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को दंत रोगों से बचाव, दांतों की उचित देखभाल की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि दंत चिकित्सा एवं सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर सेमीनार, रेनबसेरा, वृद्धाश्रम में ओरल हेल्थ चेकअप कैम्प, जिला चिकित्सालय, समस्त सीएचसी, सिविल अस्पताल में मरीजों का ओरल हेल्थ चेकअप अभियान जारी रहेगा । समस्त आरोग्य मंदिरों में भी जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे । इस संबंध में सभी जरूरी कार्यवाहियों के लिए जिला दंतरोग कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा सिंह को निर्देशित किया गया है । कार्यकम के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रों पर दांतों की सफाई के लिए ब्रश करने का सही तरीके की जानकारी दी जाएगी । जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर वॉकथान, मैराथन, सायकल रैली, हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम, सेल्फी बूथ का निर्माण, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, रील, चार्ट, पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी ।

### होली में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का अनेक स्थानों पर किया जाएगा स्वागत

# श्री सिद्ध हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में महादेव की होली को लेकर हुई बैठक

26 मार्च को महादेव की होली मनाए जाने के साथ इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत सहित अन्य विषय पर विचार विमर्श किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लगातर तीसरी बार जिले भर के साथ देश भर में महादेव की होली खेलने के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। देश के पर्व और परम्पराओं में उत्साह का संचार करने के लिए सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश के बाद एक बार फिर से होली का उत्साह देखने को मिल रहा है और शहर के महादेव मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही है। इसको लेकर शहर छावनी स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में शहर के गंज, कस्बा, बढियाखेड़ी, भोपाल नाके, इंदौर नाके, शुगर फैक्ट्री और मंडी सहित अन्य विभिन्न होली समितियों के पदाधिकारियों ने आगामी 26 मार्च को महादेव की होली मनाए जाने के साथ इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत सहित अन्य विषय पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

हरियाणा में जारी कथा के दौरान अपने संदेश में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने सभी देशवासियों को अपने-अपने यहां पर शिव मंदिरों में भगवान शिव को एक लोट चंदन युक्त समर्पित करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीहोर जिले में पांच दिवसीय होली का पर्व मनाया जा रहा है, इस वर्ष भी होली के दूसरे दिन मंगलवार को शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के पास चमत्कालेश्वर महादेव पहुंचेगे इसके पश्चात विभिन्न मंदिरों के उपरांत शहर के प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर तहसील चौराहे पहुंचेंगे।

#### पूरे शहर में आस्था के साथ मनाई जाएगी महादेव की होली

इसके अलावा छावनी होली उत्सव समिति सहित अन्य होली समितियां भी अपनी ओर से तैयारियां कर रही है। विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला ने कहाकि इस बार भी गुरूदेव की आदेशानुसार होली का पावन पर्व महादेव की होली के रूप में मनाया जाएगा। आदरणीय गुरुदेव के आह्वान के बाद तो पूरे देश में महादेव की होली मनाई जाने लगी है।

#### उत्साह व पूरी शांति के साथ मनाए

गुरुदेव भागवत भूषण पं. प्रदीप मिश्रा के संदेश के अनुसार होली का एक अपना ही आनंद है। इस वर्ष पूरे देश के साथ शहर में भी महोदव की होली आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। गुरुदेव के संदेश के अनुसार प्रत्येक शिव मंदिर में मातृ शक्ति के अलावा सभी श्रद्धालु भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। इसके साथ केसरिया रंग एक लोटे में भरकर भगवान को समर्पण करेंगे और उसके बाद पूरे उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा। धरती पुत्र भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उत्साह पूरी शांति के साथ मनाए। जो भी श्रद्धालु जहां पर है वहीं इस पर्व को मनाए।

#### होली दहन के बाद गमी वाले घरों में पहुंचेंगे छावनी उत्सव समिति वाले

वहीं बैठक के दौरान यहां पर छावनी उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि होली का पर्व पूरी आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान होली दहन के उपरांत सोमवार की सुबह एक स्थान पर एकत्रित होकर गमी वाले घरों पर पहुंचेंगे।

## श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर 13 अप्रैल से होगा रामकथा का आयोजन

**सीहोर।** शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विश्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष की गौरवशाली परम्परा अनुसार इस बार भी श्री हनुमान जन्म महोत्सव के शुभ अवसर पर नौ दिवसीय भव्य श्री रामकथा का आयोजन किया जाएगा। कथा की समाप्ति पर विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया जाएगा।



इस सम्बंध में मंदिर समिति की एक विशेष बैठक मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आगामी 13 अप्रैल से 21 अप्रैल तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में शहर के सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जाएगा। इस सम्बंध में कथा आयोजन समिति का भी सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया जिसमें सरंक्षक के पद पर कमलसिंह ठाकुर, आरएल चौधरी, गोपालदास अग्रवाल, इन्द्रवीरसिंह मामाजी, महेन्द्रसिंह चौहान, पं. ओमप्रकाश शर्मा, मुकेश भावसार एवं भानुप्रसाद गौर तथा समिति के अध्यक्ष पद पर श्री अमित नीखरा को मनोनीत किया गया। समिति के उपाध्यक्ष पद पर पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरोंदिया, सचिव पद पर मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किशन राठौर, आनंद अग्रवाल तथा मीडिया प्रभारी के पद पर संजय भावसार को मनोनीत किया गया। श्री रामकथा के लिए पांडाल एवं मंच तैयार कराने की व्यवस्था श्री शुभम मालवीय एवं उनकी टीम को तथा प्रसाद वितरण व्यवस्था संतोष दरबार, नीरज ठाकुर को सौंपी गई। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था मुकेश प्रजापति एवं मनोज दुबे को तथा कथा की शुरूआत में कलश यात्रा के लिए श्रीमति सुशीला सोनी को मनोनीत किया गया।

मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को प्रातः प्रारंभ होगा एवं 23 अप्रैल को समापन पश्चात हवन किया जाएगा। इसके साथ ही सायंकाल विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अनारसिंह चौहान सहित समिति के सभी सदस्य एवं विश्वनाथपुरी व कंचनविहार कालोनी के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**रेहटी।** होली, रंगपंचमी, ईद सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर रेहटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में तहसीलदार भूपेंद्र कैलासिया, थाना प्रभारी राजेश कहारे, नायब तहसीलदार युगविजय सिंह यादव सहित नगर के जनप्रतिनिधि, नगर परिषद के पार्षदगण एवं बुद्धिजीवी भी उपस्थित हुए। बैठक में होली के त्यौहार को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान नगर में होने वाले होलिका दहन, रंगपंचमी के जुलूस को लेकर पुलिस को सुझाव दिए गए। शांति समिति की बैठक में नगर में पुलिस पेट्रोलिंग, अवैध कार्यों पर कार्रवाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर भी स्थानीय नागरिकों ने सुझाव दिए हैं। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश कहारे ने आश्वस्त किया है कि त्योहारों को लेकर लगातार पेट्रोलियम की व्यवस्था बनाई गई है, साथ ही अवैध कार्यों को लेकर भी पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खुले में बैठकर शराब पीने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है।

## एलबीएस भोपाल ने पीपीसीए सीहोर को 151 रन के विशाल अंतर से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया

### प्रतिभाशाली क्रिकेटर मयंक ने झटके तीन विकेट और खेली 43 रन की पारी

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर प्रतिभाओं को मंच देने के लिए स्व. प्रमोद पटेल स्मृति में खेली जा रही अंडर-19 क्रिकेट ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल में एलबीएस भोपाल की टीम ने एक तरफा मुकाबले में सीहोर की पीपीसीए टीम को 151 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच के दौरान प्रतिभाशाली हरफनमौला खिलाड़ी मयंक ने 63 गेंद पर 43 रन और 2.5 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे।

गुरुवार की सुबह टास जीतकर पीपीसीए सीहोर ने गेंदाबाजी करने का फैसला लिया जो उल्टा पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलबीएस की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट खोकर 239 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें बुग्गा ने 46 गेंद पर 29 रन, अरयुष ने 12 गेंद पर 14 रन, जोन्टी ने 28 गेंद पर 32 रन, मयंक ने 63 गेंद पर 43 रन, फरजान ने 14 गेंद पर 12 रन और आयुष ने मात्र 23 गेंद पर 35 रन की शानदार पारी खेली। इधर पीपीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित ने आठ ओवर में 28 रन देकर चार विकेट, आदित्य ने छह ओवर में 39 रन देकर दो विकेट और दीपेश ने पांच ओवर में 26 रन देकर एक विकेट हासिल किया था।

अंडर-19 ट्राफी के लीग मैचों के दौरान लगातार जीत दर्ज करने वाली टीम पीपीसीए को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन गुरुवार को पहले गेंदबाजी करने के फैसले के साथ-साथ 22.5 ओवर में दस विकेट खोकर 88 रन पर सिमटी टीम के बल्लेबाजों ने खराब प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए के सलामी बल्लेबाज निर्भय प्रजापति ने 24 गेंद पर 12 रन और साथी खिलाड़ी अराव मसीह ने 39 गेंद पर 28 रन की पारी के साथ शुयआत की थी, उसके बाद आए बल्लेबाज क्रीज पर प्रदर्शन कर सके। इसके अलावा अक्षत ने 14 गेंद पर 12 रन और अमित ने आठ गेंद पर 12 रन की पारी खेली थी। इधर एलबीएस टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए फरजान अली ने तीन ओवर में मात्र नौ रन देकर चार विकेट, मयंक ने 2.5 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट, दक्ष ने पांच 23 रन देकर दो विकेट और बुग्गा ने पांच ओवर में 18 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

#### आज खेला जाएगा ट्राफी का फाइनल

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को अंडर-19 क्रिकेट ट्राफी में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम अकिरा और गुरुवार को एक तरफा मैच में 151 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज करने वाली एलबीएस के मध्य खेला जाएगा।

## रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती:कुलभूषण बग्गा

**सीहोर।** भारत विकास परिषद मध्य भारत दक्षिण प्रांत शाखा सीहोर के तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन के परिसर में किया गया। इस मौके पर जिला अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम ने परिषद के सहयोग से कार्यक्रम में शामिल लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वहीं बुधवार को इस शिविर के दौरान करीब 24 लोगों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्या भारती के उपाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी कुलभूषण बग्गा ने कहा कि यह भ्रांति है कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। ऐसा बिलकुल नहीं है बल्कि रक्तदान करने से शरीर में रक्त की पूर्ति कुछ ही दिनों में हो जाती है तथा 3 माह बाद आप पुनः रक्तदान कर सकते हैं।



रक्तदान करने से शरीर की रोगों से लडन्ने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मंच पर आसीन परिषद के अध्यक्ष पंकज मोदी, सिख समाज के अध्यक्ष गुरुमित दुआ, सिख समाज के ग्रंथी ज्ञानी जसविंदर सिंह, संघ की ओर से भारत सोनी, कमल झंवर, महिला समाजसेवी अंजु अग्रवाल, प्रदीप बिजोरिया, राजेन्द्र शर्मा बब्बल गुरु, मनोज दीक्षित मामा, रवि ठकराल और रितेश आर्य आदि ने यहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित अन्य ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया।

## चुनाव संपन्न कराने मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

### निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षिण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोकसभा चुनाव निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण में जिले के 80 मास्टर ट्रेनर शामिल हुए । यह मास्टर ट्रेनर अपने अपने क्षेत्र के पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे । प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान एवं ईवीएम वीपीपैट के संचालन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ ही पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों के दायित्व के बारे में विस्तार से बताया गया ।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं बिना किसी व्यवधान के निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है । मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारियों को जितना बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण देंगे उतने ही सुगमता से लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराए जा सकेंगे । उन्होंने प्रशिक्षण में जिलेभर से आए मास्टर ट्रेनर से कहा कि वे पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें और अपनी हर जिज्ञासा एवं शंका का समाधान करें ।मास्टर ट्रेनर पंकज जैन एवं राजेश बकोरिया ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम को वीवीपैट से जोड़ना, कन्ट्रोल यूनिट व बैलेट यूनिट का संचालन, बैट्री को बदलना एवं पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिकों द्वारा बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों के बारे में बारीकी से अवगत कराया । प्रशिक्षण के दौरान मतदान समाप्ति के पश्चात वीवीपैट की बैटरी निकालना और इसे संग्रहण स्थल पर जमा करना बताया गया । इसके साथ ही प्रशिक्षण में मतदान के दौरान आने वाली समस्याओं व उनके समाधान पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर नितिन टोले उपस्थित थे ।

## सिपाही बाबा पर चढ़ाया फूलों का सेहरा अमन-चैन के लिए पढ़ी गई दुआ

**रेहटी।** रेहटी में ख्वाजा अमीरूद्दीन चिश्ती (सिपाही बाबा) के जन्मदिन पर फूलों का सेहरा चढ़ाया गया एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान अमन-चैन के लिए दुआ पढ़ी गईं। दरअसल प्रतिवर्ष 21 मार्च को ख्वाजा अमीरूद्दीन चिश्ती (सिपाही बाबा) का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दौरान नगर के निवासी नरेंद्र यादव एवं उनके परिवार द्वारा दरबारे हुसैन कोलार कॉलोनी से चादर,सेहरा एवं फूलों का सेहरा पेश किया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर भजन गाते हुए सिपाही बाबा की दरगाह तक पहुंचते हैं और उन्हें चादर व फूलों का सेहरा पेश करते हैं। सिपाही बाबा की दरगाह पर इस उर्स का आयोजन 25 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। बताया जाता है कि नगर सहित प्रदेशभर के लोगों के लिए उनके जन्मदिन पर अमन-चैन की दुआएं मांगी जाती है। रेहटी स्थित सिपाही बाबा की दरगाह का वास्ता अजमेर की दरगाह से है। ये उन्हीं के परिवार से संबंधित है। हर



वर्ष 21 मार्च को सिपाही बाबा के जन्मदिन पर रेहटी तहसील के अलावा दूर-दूर से लोग यहां आते हैं और मन्नतें मांगते हैं। लोग अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद यहां पर दोबारा आते हैं। कहा जाता है कि सिपाही बाबा की दरगाह पर आकर लोग कई तरह की बाहरी बाधाओं सहित अन्य प्रकार की बीमारियों से भी ठीक हुए हैं। यहां पर हर जाति-धर्म के लोग अपने मन की मुरादें लेकर आते हैं। यह दरगाह लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

### संकल्प नशा मुक्ति केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया गया

## अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया, खुशी बहुत जरूरी: निशा सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामान्य रूप से हर इंसान की जिंदगी में तनाव है। लोग 100 साल की जिंदगी एक साल में जीना चाहते हैं, इसलिए तनाव में रहते हैं। तनाव भौतिकवादी और उपभोक्तावादी लाइफस्टाइल के कारण भी बढ़ा है। पिछले कई सालों से सामाजिक स्तर पर तनाव का स्तर बढ़ा है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया गया था। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष निशा सिंह ने कहे। यहां पर निवासरत वृद्धजनों के मध्य भजन-कीर्तन के साथ आनंद के पल बीते गए थे। उन्होंने कहा कि जीवन कठिन हो सकता है. कभी-कभी, यह हम पर नकारात्मक प्रभाव डालता है जिससे हम तनावग्रस्त, चिंतित, अभिभूत और अन्य नकारात्मक भावनाओं का अनुभव कर सकते हैं। लेकिन तमाम उथल-पुथल के बीच, यह याद रखना महत्वपूर्ण



है कि खुशी कोई मंजिल नहीं, बल्कि एक यात्रा है। वास्तव में, यह कुछ ऐसा है जिसे हम वर्तमान समय में विकसित कर सकते हैं, भले ही हमारे सामने कितनी भी चुनौतियाँ हों।

इस दौरान यहां पर निवास रत वृद्धजनों को संबोधित करते हुए समिति की अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्र और वृद्धाश्रम में निवास करने वाले प्रसन्न रहे इसके लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी ने कहा कि मनुष्य सुख शांति और दुखों का स्वयं जिम्मेदार है। मनुष्य ने ज्ञान-विज्ञान के दम पर जीवन को सरल बनाया है,जीवन जीने के तरीके बदले हैं। भौतिक सेवाएं अपने श्रेष्ठतम पर हैं, मनुष्य ने तकनीकी उपकरणों से शारीरिक और मानसिक श्रम को बहुत कम कर लिया है फिर भी सुख, शांति, प्रसन्नता और सुकून की तलाश में पूरी दुनिया में भटक रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश जहाँ आध्यात्मिक शक्ति से वशीभूत होकर विश्व भर से लोग शांति की तलाश में खिंचे चले आते हैं उस देश के लिए ये रिपोर्ट चौकाने वाली है। भारत अपने रंगीन संस्कृतिक जिंदादिली के लिए पहचाना जाता है, जिसके ज्ञान का प्रकाश सारे जगत को रोशन करता है आज वो खुद को खुद से प्रसन्न रखना क्यों भूल रहा है। मनुष्य ने सुख चैन की तलाश में मुस्कुराहट खो दिया है, अच्छा जीवन जीने के लिए व्यक्ति का खुश रहना बेहद जरूरी है। हमारे शास्त्र कहते हैं हम सब का उद्देश्य एक है दुखों से निवृत्ति पाना और सुख की प्राप्ति करना, सुख प्रसन्नता में निहित होती है।

## जनपद पंचायत परिसर में किया गया अतिक्रमण प्रशासन द्वारा हटाया गया



**सीहोर।** सीहोर जनपद पंचायत परिसर की शासकीय भूमि पर पक्का आवास बना कर अतिक्रमण किया गया था ।

किए गए अतिक्रमण को सीहोर नगर तहसीलदार रिया जैन और राजस्व निरीक्षक नजूल श्री भिलाला अपने राजस्व एवं नगरपालिका अमले के साथ दोपहर से रात्रि 10 बजे तक जनपद परिसर में अतिक्रमणकर्ता देवेंद्र जोशी आत्मज राधेश्याम जोशी द्वारा निर्मित आवास खाली कराया गया । खाली कराए गए आवास को जनपद पंचायत सीहोर के खण्ड पंचायत अधिकारी के सुपुर्दगी में सौंपा गया ।

### लोकसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

# मतदाता पर्ची से नहीं दे पाएंगे वोट 12 में से कोई एक दस्तावेज जरूरी

## 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी 1 को दिखाकर हो सकेगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चुनावों में वोट डालने के लिए मतदाता अक्सर मतदाता पर्ची अपने साथ बूथ पर ले जाया करते हैं। लेकिन यह मतदाता पर्ची वोट डालने के लिए मतदाता फोटो पहचान के रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। वोट डालने के लिए मतदाता को वोटर कार्ड या चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी को प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष दीक्षित ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो दर्ज है परन्तु किसी वजह से उसके पास वोटर कार्ड उपलब्ध नहीं है, ऐसी स्थिति में भी वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगा।

वोटर कार्ड या मतदाता परिचय पत्र के अलावा आयोग ने 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज निर्धारित किए हैं जिन्हें दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। इसी प्रकार यदि किसी कारण से नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में है तो भी वह मतदान कर सकेगा। जिला निवार्चन अधिकारी ने बताया कि अप्रवासी भारतीय मतदाताओं(एनआरआई) को पहचान के लिए केवल अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि इपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान संभव नहीं है तो उस मतदाता को 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाना होगा।

### मुद्रक, प्रकाशक को प्रावधानों का पालन करना जरूरी

*कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्ष दीक्षित ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यार्थियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण और प्रकाशन को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, के तहत द्वारा शासित किया जाता है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य-पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा। निर्वाचन-पुस्तिका या पोस्टर मुद्रित करेगा, न मुद्रित करायेगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्याता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते है अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा को परिदत्त कर देता है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दीक्षित ने निर्देश में कहा कि दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बावत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है यह समझ जायेगा कि वह मुद्रण है। निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर से किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका पर्ची या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टियों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्चा संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्ची प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आएगा।*

**इन 12 में से किसी एक को दिखाना अनिवार्य**

- वोटर कार्ड
- आधार कार्ड
- पेन कार्ड
- ड्राइविंग लायसेंस
- पोस्ट ऑफिस की पासबुक
- मनरेगा जॉब कार्ड
- पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंषन दस्तावेज
- कंपनियों के आईडी कार्ड।
- स्मार्ट कार्ड
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- दिव्यांगजनों के यूनिक कार्ड
- सांसदों, विधायकों, एमएलसी के आधिकारिक पहचान पत्र।

# आदेश के एक हफ्ते बाद भी इंजीनियर को नहीं किया गया रिलीव

## एनएचएम ने 14 मार्च को जारी किया था स्थानांतरण आदेश

**राजगढ़।** इस बात के अनेकों उदाहरण जिले में मौजूद हैं कि एक बार जो अधिकारी, कर्मचारी जिले में स्थानांतरित होकर आ जाता है फिर वो अपरिहार्य कारणों से यहां से जाना नहीं चाहता। विभिन्न विभागों में दर्जनों ऐसे इंजीनियर, डॉक्टर सहित अन्य ऐसे कर्मचारी हैं जो एक ही पदस्थपना स्थल पर 5 से 10 साल गुजार चुके हैं।

अगर स्थानांतरण हो भी जाता तो वे यहां से रिलीव न होकर किसी न किसी तरह अपने तबादले को कैंसिल कराने की फिराक में रहते हैं। जिला अस्पताल राजगढ़ में बतौर संविदा उपयंत्री के रूप में पदस्थ अजय कुमार कुशवाह को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेश क्रमांक 18804 दिनांक 14.03.2024 को रायसेन जिले में स्थानांतरित किया गया था। आचार संहिता प्रभावी होने साथ ही राज्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद हुए इस स्थानांतरण के बाद भी जब विभाग संबंधित कर्मचारी को रिलीव करने में हीलाहवाली कर रहा है जो कहीं न कहीं निवार्चन आयोग के निर्देशों की अवहेलना कही जा सकती है।

### निर्वाचन प्रेक्षक से करेंगे शिकायत

युवक कांग्रेस पदाधिकारी अशोक वर्मा ने बताया कि अगर संबंधित इंजीनियर को जल्द रिलीव नहीं किया जाता है तो वे आने वाले दिनों में निर्वाचन प्रेक्षक से लिखित में इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में कई अधिकारी, कर्मचारी वर्षों से मलाईदार पदों पर जमे हैं।

# विश्व गौरैया दिवस पर विद्यार्थी परिषद का संकल्प नगर में लगाएंगे 500 से अधिक सकोरे

**सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सारंगपुर नगर इकाई की नगर बैठक बुधवार को संपन्न हुई। नगर मंत्री आदित्य शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की विद्यार्थी परिषद सारंगपुर द्वारा विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष में एसएफडी के माध्यम से नगर में 500 से अधिक सकोरे लगाने का संकल्प लिया है।

साथ ही विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्डबोर्ड की मदद से आर्टिफिशियल नेट्स भी बनाएंगे ताकि पक्षियों को रहने का घर मिले वाले वा उन्हें गर्मी से बचाया जा सके। साथ ही अभियान की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं द्वारा 25 से अधिक सकोरे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रांत एसडीडी सह संयोजक आयुष चौहान उपस्थित रहे। साथ ही इस वर्ष विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से रंगोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राजगढ़ जिला संगठन मंत्री अमित उपस्थित रहे।



### अभिभाषक संघ खिलचीपुर के चुनाव संपन्न

# महेश पीपलोटिया बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

बुधवार को संपन्न हुए अभिभाषक संघ खिलचीपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर महेश पीपलोटिया ने जीत हासिल की। कल गिरे 61 मत में से 41 मत महेश पीपलोटिया को प्राप्त हुए। एडवोहकैट नासिर खान को 19 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार बड़े अंतर से उन्होंने जीत हासिल की। साथ ही सचिव पद हेतु एडवोकेट रामबाबू धाकड़ को विजय हासिल हुई। सहसचिव पद पर एडवोकेट रामचरण दांगी जीते। इसके पूर्व एडवोकेट नरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट सुरेंद्र सिंह खींची कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए किए गए बार एसोसिएशन खिलचीपुर के सभी सदस्यों ने महेश पीपलोटिया को उनके निर्वाचन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 80 लीटर शराब जब्त कर एक आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब रखने व बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए नशा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ व एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संतोष वाघेला द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति भोई मोहल्ला सारंगपुर में उसके घर के पास अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब लेकर कहीं बेचने जा रहा था। सूचना पर थाना प्रभारी सारंगपुर संतोष वाघेला ने पुलिस टीम तैयार कर टीम रवाना की।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान भोई मोहल्ला सारंगपुर पहुंचे छिपकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर वमुश्किल घेराबंदी कर पकड़ा व उस व्यक्ति के पास रखी दोनों केनो को चेक करने पर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब होना पाई।



उस व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम दूले सिंह पिता रामप्रसाद केवट निवासी भोई मोहल्ला सारंगपुर का होना बताया व उसके कब्जे में रखी कच्ची शराब के संबंध में वैध लाइसेंस व वैध कागजात के बारे में पूछने पर कोई लाईसेंस या वैध कागजात नही होना। बताया जिसका उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2)आबकारी एक्ट का दंडनीय पाया जाने से आरोपी से 80 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती करीबन 16000 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया न्यायालय द्वारा आरोपी को जिला जेल राजगढ़ भेजा गया। उक्त कार्य में थाना सउनि आनंदीलाल भिलाला, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक श्याम शर्मा प्रआर कमल गुर्जर, प्रधान आरक्षक सतीश परमार आर. मिथुन का योगदान रहा।

# उर्स में आए युवकों से मारपीट कर मोबाइल और पैसे छीने

**राजगढ़।** मुख्यालय पर बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लग रहे सालाना उर्स में मंगलवार रात्रि खिलचीपुर के दो युवकों के साथ मारपीट और मोबाइल व रुपए छीने जाने की घटना हुई है। संबंधित युवक ने इस बारे में थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर निवासी कृष्णा नामदेव और चांदपुरा गांव निवासी दीपक राजूपत उर्स में घूमने आए थे। रात्रि करीब 2 बजे जब वे दोनों बाथरूम के लिए उर्स क्षेत्र के समीप ही एकांत में गए थे तभी 10 से 12 अज्ञात युवक आए और दोनों युवकों को पकड़कर मारपीट की। इस दौरान बदमाशों ने दीपक राजपूत का मोबाइल फोड़ दिया। वहीं कृष्णा का मोबाइल छीन ले गए। घटना के दौरान अन्य लोग भी एकत्रित हो गए और एक युवक को पकड़ लिया गया। वहीं अन्य भाग गए। पकड़े गए युवक को कोतवाली पुलिस को सौंपा गया है। इसमें कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर से बात करने पर उनका कहना था कि ये सभी आपस में लड़े थे। मोबाइल या पैसे छीनने जैसी घटना नहीं हुई है।

# प्रोग्रेसिव हाइट्स में रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

19 मार्च को प्रोग्रेसिव हाइट्स में 6 दिवसीय रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्तमान समय विज्ञान और तकनीकी का है। दुनिया में नित नई तकनीकी की खोज हो रही है तो हमें अपने आप को इस बदलाव के अनुसार ढालना जरूरी हो गया है। क्योंकि आगामी 5 वर्षों में ही हमारे निर्भरता एआई पर काफी बढ़ने वाली है। इसी सोच के साथ प्रोग्रेसिव हाइट्स ने अपने सभी विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन किया। गया जहां पर उन्हें विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी से रूबरू करवाया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक विषय की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इंदौर से आए प्रशिक्षित शिक्षक कुशाग्र मालिक द्वारा विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी गई वह विद्यार्थियों को 3क डिजाइनर ड्रोन, एडवांस डिजाइनर टॉर्च, बेल, फेन ऑटोमेटिक स्पीड लाइट, रोबोटिक हैंड आदि सिखाया हुआ बनवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने कहा कि सचमुच में विद्यार्थियों को इस कार्यशाला से नई दिशा मिलेगी तथा भविष्य में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी क्योंकि भविष्य में रोजगार की बहुत बड़ी संभावना आज रोबोटिक सेक्टर में है।



# खाटू धाम पर हुआ फाग महोत्सव का आयोजन, दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर खुजनेर में स्थित श्री श्याम मंदिर पर फागुन एकादशी के दिन सुबह से ही देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। दूर-दूर से भक्तजन श्री श्याम मंदिर पर पैदल चलकर निशान यात्रा लेकर पहुंचे। खाटू श्याम का भव्य आकर्षक श्रंगार भी किया। वहीं बाबा श्याम की महआरती भी की गई रात को श्री खाटू श्याम का फाग महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमे अजमेर राजस्थान से भजन गायक पिंकी गहलो , खाटू धाम खुजनेर सतीश अग्रवाल के द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुती दी व फूलो की होली भी खेली7 श्री श्याम के भजनों पर भक्तजन जमकर थिरके बाब श्याम का अलौकिक दरबार सजाया व पावन ज्योत का आयोजन हुआ।



# जिले में रक्त की कमी को देखते हुए कंपनी के 103 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**जीरापुर।** सपने कभी सोने नहीं देते। कुंडलिया पेयजल परियोजना एलएनटी कंपनी द्वारा आठवां मिल जेतपुरा में महा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया।

इस समय राजगढ़ बल्ड बैंक में खून नहीं है। जैसे ही प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा को पता लगा तुरन्त राजगढ़ ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. पीके जैन निवेदन किया एवं 20 तारीख बुधवार को कैंप आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने राजगढ़ ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए राजगढ़ की टीम निवेदन पर पहुंची जहां पर एलएनटी कंपनी के स्टाफ एवं रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया 103 युनिट ब्लड डोनेट किया एवं ब्लड डोनेट कैंप का शुभारंभ किया। भोपाल क्लस्टर के सिगमेड हेड रवि कुमार ,जल निगम के एस के जेन ,दादी बेनर्जी एवं प्रोजेक्ट मेनेजर अरुण हर्षा ने रक्त दाताओ का उत्साहवर्धन किया इस मौकेपर



सेफुद्दीन अहमद, दिलिप सिहं, सतीश चंद्र झा, उत्कृष्ट गुप्ता, अवनीश सक्सेना, राजकुमार भीलाला, देवेंद्र वर्मा, ईश्वर सिंह, समन सेन, शीतल उमठ, अभीजीत चटर्जी,डाँ रोहन दुगारिया सहित एल एन टी स्टाफ एवं रक्तदाता उपस्थित रहे।

### मार्केट में खरीदी करने आने वाली महिलाओं को होती है परेशानी

# सारंगपुर के मुख्य बाजार में नहीं सार्वजनिक शौचालय के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर के बाजार में अगर आप खरीदारी या अन्य किसी काम से जा रहे हैं तो अपने घर से लघुशंका एवं अन्य प्राकृतिक क्रियाओं से निवृत्त होकर जाएं। क्योंकि बाजार में इसके लिए किसी भी प्रकार के इंतजाम नहीं हैं। लंबे समय से महिलाओं के लिए इस प्रकार की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही गांधी चौक समीप स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स में अक्सर ताला जड़ा होने के कारण महिला व पुरुषों के लिए बनाए गए टॉयलेट भी इन दिनों महज शोपीस बनकर खड़े हुए हैं। जिसके कारण बाजार में खरीदी करने वाले लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार भले ही योजना लागू कर आमलोगों के सामने योजनाओं का जोर-शोर से बखान कर रही हो। लेकिन धरातल पर योजनाऐं आम नागरिकों की मंशा से कोसो दूर दिखाई दे रही है। बता दे की संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शहर के मुखर्जी चौक टेंशन चौराहा से लेकर गांधी चौक तक के क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक शौचालय या टॉयलेट नहीं है। इसके अलावा जोशी दवाखाना भेरू दरवाजा रोड सहित प्रमुख स्थानों पर भी इस प्रकार के कोई इंतजाम होते नहीं दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में यहां खरीदारी करने के लिए आने वाली आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व में शहर के गांधी चौक स्थित पुरानाअस्पताल पर नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स बनाया गया था। लेकिन वर्तमान में यहां ताला जड़ा रहता है। सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण बाजार में आने वाले लोग कहीं भी खुली जगहों पर लघुशंका करने पर विवश होते दिखाई देते हैं।

### कैसे बनेगा ग्रीन और क्लीन

स्वच्छता अभियान के तहत खुद को नंबर वन बनाने के लिए प्रयास किए जाने का दावा करने वाले प्रशासनिक अधिकारी अभी तक जरुरी जनसुविधाए मुहैया कराने में पूरी तरह से फिसड्डी साबित हो रहे है। ऐसे में क्लीन और ग्रीन का नारा कैसे पूरा होगा जबकि उक्त मुद्दा नगर में शहरवासियों का सवालिया निशान बना हुआ है। सालों से दोनों ही प्रमुख पार्टियों के नेताओं द्वारा स्वच्छता कैटागिरी में शहर की स्थिती सुधारने और पिछली बार से आगे बढने का ढिंढोरा पीटते हुए प्रशासन द्वारा नंबरों का गणित जनता के सामने प्रस्तुत किया जाता आ रहा है। लेकिन असल मायनों में जनता के लिए जरुरी सुविधा मुहैया न होने से यह दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। शहर के बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण सबसे अधिक परेशानी



महिलाओं को होती है। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं को टॉयलेट आने पर बेहद शर्मिंदगी से गुजरना पड़ता है। ऐसे में आसपास अपने परिचितों के घरों का सहारा लेना उनकी मजबूरी बन जाता है तो कई बार उन्हें खुले में ही निवृत्त होने से लज्जित होना पड़ता है। इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित किए जाने के बाद भी आज तक इसका कोई स्थाई हल नही किया जा सका है।

### बनने के बाद भी नहीं हो रहा उपयोग

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन परिषद द्वारा लाखों की लागत से पुराना अस्पताल के समीप बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया था। लेकिन शासकीय पुराना अस्पताल बंद होने के कारण अब सुलभ कॉम्प्लेक्स सार्वजनिक शौचालय में अक्सर ताला जड़ा होता है। बाजार के व्यापारियों व नगरवासियों ने बंद पड़े कॉम्प्लेक्स को सुचारू रूप से खुला रखने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियों से की है।

**जानकारी लेता हूं**

आपके द्वारा सुलभ कॉम्प्लेक्स में ताला जड़ा होने की जानकारी मिली है। मैं जानकारी लेता हूं। अगर कॉम्प्लेक्स में ताला जड़ा है तो उसे खुलवाया जाएगा। साथ ही प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नियम अनुसार 500 मीटर की दूरी पर शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

**लालसिंह डोडिया,** सीएमओ सारंगपुर।

खबर संक्षेप

## संत राम भूषण दास बनें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**आष्टा।** महन्त दीपक दास त्यागी महाराज के कृपापात्र प्रसिद्ध संत, लेखक, युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत संत राम भूषण दास त्यागी को विश्व हिंदू रक्षा संघ न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी राजीव नाथ महाराज द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। संत श्री द्वारा पद का दायित्व मिलने पर सभी का आभार व्यक्त किया गया। साथ में सनातन धर्म जात-पात, गरीब वंचित और सामाजिक मुद्दों पर कार्य करते हुए संगठन का विस्तार कर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। पूज्य संत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्र में खुशी और सभी की ओर बधाइयां प्राप्त हो रही है।

## 10 दिन तक कृषि उपज मंडी और फल और सब्जी मंडी रहेगी बंद

**आष्टा।** 10 दिनो तक शहर की दोनों मंडिया बंद रहेगी। जानकारी अनुसार 23 मार्च से 1 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी बंद रहेंगी। वही इन दिनों में ही फल और सब्जी मंडी भी बंद रहेगी। व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि होली एवं मार्च क्लोजिंग के चलते 10 दिनों तक प्याज -लहसुन मंडी 23 मार्च शनिवार से बंद रहेंगी।

## बाजार में सजने लगी रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानें

आष्टा। नगर सहित आसपास के गांव में रंगों के त्योहार होली को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शहर से लेकर गांव देहात के बाजारों व चौक चौराहे पर रंग- गुलाल व पिचकारी की दुकानें सजने की तैयारी में है। साथ ही किराना दुकनदारों ने भी रंग, अबीर के अलग-अलग रेंज मगाकर उसकी बिक्री शुरू कर दी। वहीं, खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। होली पर्व का लोगों में उत्साह बढ़ता ही जा रहा है, जिसको लेकर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली के गीत बजने लगे हैं। वहीं, युवा होली गीत की मस्ती में अभी से झूमने लगे हैं। होली पर्व को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। तो वही महिलाओं ने भी पूजा-पाठ की तैयारियां शुरू कर दी है।

### जिम्मेदारों की लापरवाही से नहीं सुधर रहा कृषि उपज मंडी का बिगड़ा ढांचा

# मंडी की बजाय शहर से दूर बने गोदाम मील पर अनाज खाली कर रहे किसान

नियम विरुद्ध मंडी से बाहर दूर जाकर ऊपज की हों रही तुलाई।मंडी की बजाय 5 से 10 किलोमीटर दुर जाने से किसान पर पड़ रहा अतिरिक्त आर्थिक बोझ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्य प्रदेश की नंबर वन मंडियों में गिनी जाने वाली आष्टा कृषि उपज मंडी आव्यवस्थाओं से घिरी हुई है। कई बार किसान नेताओ ने तो कभी स्वंय किसानों ने समस्याओं को लेकर मंडी प्रबंधन को अवगत कराया, लेकिन कोई भी इन समस्याओं में सुधार नही चाहता। एक तरफ़ तो ए क्लास की मंडी में शासन को जहां करोड़ों रुपए शुल्क के रूप में कृषि उपज से आमदनी होती है, लेकिन किसानों को सुविधाओ के नाम पर कुछ नही मिलता। मंडी में लंबे समय से किसानों की ऊपज को मंडी में तो नीलाम किया जाता है। लेकिन चंद व्यापारी अपने फायदे के लिए इस नीलाम को ऊपज को मंडी से कई किलोमिटर दूर अपने गोदाम या मिलो पर ले जाकर तुलाइ कर खाली करवाते है और बड़ी मात्रा में मंडी के अंदर नीलामी में खरीदी गई ऊपज मंडी परिसर से दुर शहरी सीमा क्षेत्र से लगभग 5-7 किलोमीटर इनके गोदाम या मिलो पर तुलकर खाली होता है। ऐसे में नीलाम ऊपज को मंडी से कई किलोमीटर दुर लें जाने पर किसान पर ईंधन (भाड़े) का अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने मंडी सचिव प्रवीण चौधरी से चर्चा कर इस व्यवस्था को सुधारने की मांग करते हुए पूछा कि जब मंडी में ऊपज नीलाम होती है तो उसकी तुलाई भी मंडी में ही की जाय। वही यदी कोई व्यापारी खरीदी गई ऊपज को मंडी से कई किलोमीटर दुर अपने गोदाम या मिलो पर में तुलवाने ले जाते है तो किसानो को हों रहे अतिरिक्त आर्थिक खर्च को व्यापारियों से दिलवाया जाये या नीलाम ऊपज को शहर से बाहर ले जाने की बजाय मंडी के अंदर ही तुलाई कर खाली की जाय।

### नियम विरुद्ध है मंडी से बाहर ऊपज की तुलाईं कर खाली करना

भोलेभाले किसान को बिना जानकारी के अभाव में ऊपज तो मंडी में नीलाम करवाई जाती है फिर अपनी सुविधा अनुसार नीलाम ऊपज को शहर से कई किलोमीटर दुर उपज की तुलाई कर खाली करवाया जाता है जिससे किसानो पर अर्थिक बोझ पड़ रहा है और मजेदार और खास बात यह है की मंडी बोर्ड के किसी भी अधिनियम में या मापदंड में नही है की मंडी में नीलाम ऊपज की बाहर तुलाई कर खाली किया जाय। और एक तरह से यह नियम विरुद्ध ही है या कहे नियमों को ताक पर रखकर नीलाम ऊपज को शहर से बाहर प्रायवेट गोदाम या मिलो पर तुलाईं और खाली कर किसानों के साथ ठगी की जा रही है वही इस मामले पर कृषि उपज मंडी की सचिव श्रीमती प्रवीण चौधरी ने भी सीधे तौर पर कहा कि यदि किसानों की नीलाम ऊपज को मंडी परिसर से बाहर लें जाकर तुलाई कर खाली करवाया जा रहा है तो यह नियम विरुद्ध है यह मंडी के नियम और मापदंड में भी नही है व्यापारीयों को किसानों की ऊपज को नीलाम कर मंडी के अंदर ही तुलाई कर खाली करवानी चाहिए।

### किसान के साथ कोई लूट या घटना घटित हो जाय तो कौन जिम्मेदार होगा?

किसान संघ के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया की किसानों की नीलाम उपज को शहर से कई किलोमीटर दूर तुलाई खाली करने जाना पड़ रहा है एक तरफ़ तो किसानों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है तो वही दूसरी ओर किसान के साथ इस बिच लूट या अन्य कोई घटना ,दुर्घटना हो जाती है तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? क्या मंडी के अंदर से नीलाम ऊपज को बाहर ले जाते समय कोई मंडी का कर्मचारी किसान के साथ रहता है? या शहर से बाहर किसान की ऊपज कम निकलती है या इसमें कोई गड़बड़ी होती है तो कोन सा मानक अधिकारी वह मोजुद रहता है। ऐसे हालत में किसान या व्यापारी में कोई विवाद होता है तो किसकी ज़िम्मेदारी होगी? लिहाजा इस विषय पर जब मंडी सचिव प्रवीण सिंह चौधरी जी से इन सवालों के जवाब मांगे गए तो वह कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नही दे पाई। और कहा की आष्टा मंडी में स्थान की कमी है। सीजन में रिकार्ड आवक होती है, मंडी के अंदर बाहर जाम लग जाता है। इसलिये मंडी को सुचारू रूप से संचालित करने की सोच है। क्योकि हमे मंडी के चारो पहियों का ही ध्यान में रखना पड़ता है। जो भी व्यवस्था है उसके पीछे हमारी सोच यही है कि किसान व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो। वही इसको लेकर मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष रूपेश राठौड़ से चर्चा की गई तो उन्होने कहा की मंडी परिसर छोटा है, इस कारण बड़े और अच्छे व्यापारी के बाहर वाले स्थान पर किसानों की नीलामी की उपज एक साथ तुलवाई जाती है।जगह की व्यवस्था होने के पश्चात एक दाना भी मंडी से बाहर नहीं जाएगा।

# करोड़ों खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी पड़ी नल-जल योजना

### पेयजल के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। ताकि पानी के लिए कई किलोमीटर लोगों को ना जाना पड़े और आसानी से हर घर शुद्ध पेयजल मिल सके। ग्राम सिंगार चोरी में जल मिशन योजना के तहत 2 वर्ष पूर्व कार्य प्रारंभ हुआ था। 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी योजना अधूरी पड़ी है। जिससे ग्रामीणों को 1 किलोमीटर दूर खेत पर बने कुआं, ट्यूबवेल से साइकिल मोटरसाइकिल से पानी लाना पड़ रहा है।

जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सिंगार चोरी के सरपंच कुतुबुद्दीन खान ने बताया कि गांव में 2 वर्ष पूर्व नल-जल योजना का कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। गांव में ना तो पाइपलाइन गाड़ी गई है। गांव के बाहर एक टंकी बनाई गई है जो सोपिस के रूप में खड़ी है। वहीं गांव की समस्या को देखते हुए अपने निजी ट्रैक्टर से टैंकर द्वारा गांव को लोगों को पानी उपलब्ध करवा रहा हु। अभी गर्मी की शुरुआत हुई है मार्च माह में यह हालत है, तो अप्रैल मई और जून माह में क्या हालात होंगे। हमने कई बार जन सुनवाई में जन प्रतिनिधि व अधिकारियों को इस बारे में अवगत करवाया। लेकिन आज तक किसी अधिकारी ने गांव की समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया। कुछ दिनों पूर्व कलेक्टर ने अधिकारियों को नल-जल योजना का अधूरा कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी कार्य अधूरा है। वहीं ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए टैंकर द्वारा गांव के लोगों को पानी उपलब्ध करवा रहे है। हमारी शासन से मांग है कि नल-जल योजना का कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण करवाया जाए जिससे ग्रामीणों को पानी मिल सके।

उक्त समस्या को लेकर पीएचई विभाग के एसडीओ एसआर अहिरवार ने बताया कि नल-जल योजना के पाइप आने में कुछ देरी हुई है जैसे पाइप आएंगे होली के बाद गांव में पाइप लाइन गाड़ने का काम चालू कर दिया जाएगा जल्दी से जल्दी ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में डंपर चालकों की मनमानी, बना रहता है हादसे का डर




**जावर।** नर्मदा नदी में से रेत भरकर लाने वाले डंपर आष्टा से जावर में सुबह से ही ऑवर लोड भरकर निकलते हैं इससे दुर्घटनाओं की आंशका बनी रहती है। दरअसल पिछले कुछ वर्षों से रेत का कुछ ज्यादा ही कारोबार क्षेत्र में चल रहा है रोजाना 10 से 15 डंपर रेत के भरे हुए जावर क्षेत्र आते हैं यह रेत नर्मदा नदी से आती है रेत से भरे हुए डंपर जावर जोड़ से लेकर जावर तक आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई होते हैं और डंपर इतने भरकर लाते हैं कि वह कही पेड़ों से टकराते हुए निकलते हैं की इसके दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

# दूसरे दिन भी खरीदी केंद्रों पर नहीं हुई खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासन के निर्देश अनुसार 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ होना थी, लेकिन दूसरे दिन भी सर्वेयरों के खरीदी केंद्रों पर नहीं पहुंचने से खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई। क्षेत्र के 27 खरीदी केंद्रों पर किसानों की ट्रेक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गई है। कुछ खरीदी केंद्रों पर किसानों का गेंहू तुलवा कर बाहर रखा दिया है। तुलवाया गया गेहूं गोदाम में नहीं रखा है। अर्थात तोला गया गेहूं भी रिकॉर्ड की खरीदी में नहीं है, क्योंकि बिना सर्वेयर के गेंहू वेयरहाउस के गोदाम में नहीं रखाएगा। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने आरोप लगाया है कि एक तरफ प्रदेश सरकार किसान हितेषी होने का दावा करती है वहीं दूसरी तरफ उन्हीं के शासनकाल में 2 दिनों से किसान क्षेत्र में परेशान हो रहा है। उनकी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं हो पा रही है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भी इस संबंध में संबंधित अधिकारी व प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। जानकारी अनुसार आष्टा क्षेत्र में 27 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जाएगा। विधायक के निर्देश पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने जब अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सर्वेयर सभी केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। जब दुपाडिया खरीदी केंद्र पर पहुंची तो वहां सर्वेयर नहीं था। उन्होंने हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया कि किसानों को परेशानी नहीं होने देंगे। इसीलिए में मौके पर भी पहुंचकर व्यवस्था कराने में जुटी हूं। दो दिनों से किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर तुलवाने के लिए बेहद परेशान हो रहा है। कैलाश परमार ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही किसानों की उपज समय रहते नहीं तुलवाई गई तो कांग्रेस आंदोलन करने में पीछे नहीं रहेगी।

# वाहन चालकों को दी जा रही नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देवास भोपाल फोर लेन, सीएसआर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकाश निगम के डीएम सोनल सिन्हा, एजीएम संजीव कुमार जैन व डीबीसीपीएल परियोजना संचालक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन मे यातायात प्रभारी बीएस धाकड़ के साथ मिल कर भारतीय सुरक्षा सप्ताह के तहत निरंतर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों व यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत कराया गया। डीबीसीपीएल प्रशासन सुरक्षित यात्रा व सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने व नियम पालन करने का निवेदन किया जा रहा है। साथ ही सड़क सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों से नियम पालन प्रतिबद्धता का सपथ ले रही है। देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन फोर लेन पर जगह जगह सड़क सुरक्षा शिक्षा नुक्कड़ सभा, नियम पालन करने वाले लोगों का सम्मान एवं सुरक्षा से सफर करने की अपील कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ मिल कर ग्रामीण वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु से अवगत करा रही है। अनाधिकृत रास्ते कट करना, सड़क पर पड़ने वाले दुर्घटना संभावित अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के साथ सड़क किनारे के पेड़ो पर रात्रि सुरक्षा के लिए रेडियम प्लेट, कर्व, पुलिया पेंटिग के साथ अधिकतम गति सीमा बोर्ड लगाने के साथ कई सराहनीय कार्य कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन भारतीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई प्रकार से वाहन चालकों के मध्य सड़क सुरक्षा एवं जीवन महत्व को समझा रही है। डीबीसीपीएल सीएसआर प्रशासन का उद्देश्य समाज की दुर्घटना से रक्षा व सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। ताकी वाहन चालक व आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो साथ ही रात्रि मे दुर्घटना से सुरक्षा के लिए वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर चिपकाना, नियम पर्चे वितरीत कर रहे है। इस मौके पर सबइंस्पेक्टर शशिकांत शर्मा, कॉन्स्टेबल थाना मंडी शिव कुमार पराशर, 100 डायल बिजेंद्र सिंह, सड़क रख रखाव अधिकारी पियूष सिंह, नीतिन गोयल, नन्द किशोर वर्मा, अमित पटेल, प्रदीप बातव सुनील सारसिया एवं कई उपस्थित थे।

### पूजा पाठ के साथ उपार्जन की तैयारी हुई पूरी



**श्यामपुर।** श्यामपुर में स्थित निलेश वेयरहाउस पर पूजा पाठ कर उपार्जन केंद्र की शुरूआत की गई। इसी के साथ ही किसानों का साफा बांधकर व पुष्पमाला पहनाकर किसानों का सम्मान किया गया। इस दौरान हेम सिंह, गबरू दागी, देवनारायण पाटीदार, अनिल, गोविंद, अशोक पाटीदार, शरद पाटीदार उपस्थित रहे। श्यामपुर में सभी वेयरहाउस पर सोटी सेवा सहकारी समिति के केंद्र क्रमांक 56229407 पर पूरी तैयारी कर ली गई है। अभी स्लाइड बुक नहीं होने के कारण किसान अपनी उपज नहीं लेकर आए।

# शांति समिति की बैठक में त्यौहारों को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लोकसभा चुनाव के चलते संपूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। साथ ही होली, रंग पंचमी, गुड फ्राइडे, रमजान, ईद और अन्य त्यौहार शांति पूर्वक मनाए जाने के संबंध में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, प्रतिष्ठित व्यवसाई व विभिन्न समुदायों के लोगों को आमंत्रित कर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। तहसील परिसर श्यामपुर में आयोजित शांति समिति की बैठक में तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले, थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर द्वारा होने वाले आगामी लोकसभा निर्वाचन व आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने हेतु लोगों से अपील की। साथ ही आदर्श आचार संहिता पालन का करने के लिए लोगों को समझाइए देते हुए अपने शस्त्र थाना श्यामपुर में जमा करने के लिए बताया गया। साथ ही बताया कि सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने वाले मैसेज को फॉरवर्ड करने के पहले यह सुनिश्चित कर ले की वह मैसेज किसी समुदाय के भावनाओं को आहत करने वाला मैसेज तो नहीं है। जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग नहो। नागरिकों द्वारा सुझाव दिए गए कि इसके संबंध में विस्तृत चर्चा कर शांतिपूर्ण रूप से त्योहार संपन्न होंगे। इस संबंध में लोगों द्वारा आश्वासन पुलिस को दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले, थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, ग्राम पंचायत श्यामपुर सरपंच नवीन चौहान, जिला पंचायत सदस्य अनस खान, जनपद सदस्य विनोद परिहार, जनपद सदस्य परमानंद मीणा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, गोविंद पाटीदार विधायक प्रतिनिधि, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, लइक कुरैशी, जाकिर हसन, अनु खान, इलियास खान, ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, नरेंद्र साहू, पत्रकार राजकुमार मेवाड़ा, पत्रकार रवि पुष्पद, पत्रकार लक्ष्मण सिंह पटेल, भारत सिंह, अनिल घरडे पटवारी आदि उपस्थित थे।

### मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज और मुनि सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# समय के दुष्प्रभाव से निरोगी नहीं रोगी होते जा रहेः मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्रावकगण भगवान ,देव ,शास्त्र एवं गुरु में अटूट आस्था रखकर धर्म आराधना करेंगे तो पुण्य अर्जन होगा।हम समय के दुष्प्रभाव से निरोगी नहीं रोगी होते जा रहे हैं। अंग्रेजों ने फूट डालकर भारत में शासन किया,बाद में देश को महापुरुषों एवं देश भक्तों ने देश को आजाद कराया। परिवार को देखते हुए धर्म आराधना करें। जैन धर्म खुली किताब के समान है। समाज व परिवार में एकजुटता रहना चाहिए। सभी को धर्म -कर्म से जोड़ों।

ज्यादा खाने वाले मर रहे हैं,कम खाओं और दूसरे को भूखा नहीं रहने देवें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज एवं मुनि सागर महाराज ने नंदीश्वर द्वीप महामण्डल विधान के अवसर पर आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने सभी को जोड़ने का आव्हान किया। मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ने कहा पूजा आप लोगों के लिए है। नंदीश्वर द्वीप में 52 मंदिर है। श्रावक भगवान,देव शास्त्र और गुरु में अटूट श्रद्धा रखते हुए उनके जैसे बनने की चाहत रखते हैं। गृहस्थ वह है जो घर गृहस्थी का काम करते हैं। गर्मी की अष्टान्हिका है इसमें क्षमा रुपी अग्नि जलाकर माफी करना,मन में जो कषाय है उसे जलाना है। भगवान जैसे बनने का प्रयास करें।भोग की वस्तु को त्यागकर पुण्य अर्जन करें।संयम आएगा, कर्म नाश होगा। ऐसे भाव रखें,लोग रुढ़िवादिता को छोड़े। पूजा के समय नमः बोलें,स्वाह नहीं। बुराई ग्रहण नहीं करें, अच्छाई ग्रहण करें।इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री मुनि सागर महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि आज आपकी नन्दीश्वर द्वीप भक्ति पूजन का आधा भाग पूर्ण हुआ है। धीरे-धीरे यह पूर्णता को प्राप्त होगा। यह पर्व हमें समय-समय पर जगाने आते है। पर्व समाप्ति के बाद सोना नही सजग रहना ओर जीवन को जीने का ढंग बदलना तभी पर्व को मनाने की सार्थकता होगी । मुनि सागर महाराज ने आगे कहा यह संसार है, यह असार है। अभी यहां है, कल कही ओर रहना होगा ।यह पंच प्रावर्तन अनादिकाल से चलता आ रहा है ।भोगो में रहने के कारण धर्म करने में मन नही लगता है। अपनी जीवन रूपी पतंग को संभाल कर उड़ाना, कही कट न जाये। अपनी सयंम रूपी डोर प्रेम ओर प्यार की डोर से इसे बांधे रखना।

संभाल कर रखना कहीं यह जीवन निंद्रा गति में न चले जाये।संयुक्त परिवार में मिलकर रहने से एक दूसरे सभी मिलकर धर्म ध्यान में मन लगा सकते है।समय के दुष्प्रभाव से हम निरोगी नही रोगी होते जा रहे है ।जब तक मन है तब तक पूजन है ।जैसे इस शरीर को रखने के लिए शुद्ध भोजन की जरूरत है, उसी प्रकार इस मन को शुद्ध रखने के लिए जिनेंद्र भगवान की पूजन की जरूरत है।हम लोग मात्र छोटा बड़ा कम ज्यादा में उलझे हुए है ,संगठित नही हो पा रहे है ।समाज मे एक नही हो पा रहे है ।रामायण पड़ने के बाद भी हममें परिवर्तन नही हो पा रहा है ।आप लोगो के भाग्य है, दो भाई मिलकर रहते हो आज के समय मे सबसे बड़ा आश्चर्य है ।धर्म अपने लिए होता है ओर अपने को ही करना होता है ,अपने कल्याण हेतु होता है।